आज का आनंद
पुणे, सोमवार, दि.२५ जानेवारी २०२१

राज्य के हर जिले में सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल बनाएंगे : अमित देशमुख

■ MIT द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ पार्लियामेंट में मेडिकल एजूकेशन मंत्री ने कहा

कोथरूड, 24 जनवरी (आ.प्र.)

ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को उपचार के लिये बड़े शहरों में लाने के बजाय उनका वहीं पर योग्य उपचार हो सके. इसके लिये राज्य के हर जिले के स्थान पर सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल शुरू किए जायेंगे. छोटे शहरों में भी चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु प्राइवेट संस्थाओं को आगे आना जरूरी है. यह प्रतिपादन राज्य के मेडिकल एजूकेशन मिनिस्टर अमित देशमुख ने किया. वह एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी पुणे द्वारा आयोजित ऑनलाइन वर्ल्ड हेल्थ पार्लियामेंट के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे.

विश्वराज हॉस्पिटल, तलेगांव दाभाड़े, पुणे और माईर्स एमआईएमएसआर मेडिकल कॉलेज लातूर द्वारा संयुक्त रूप से इस पार्लियामेंट का आयोजन किया गया है. डॉ. सुभाष भामरे ने कहा कि कोरोना महामारी के समय मेडिकल फील्ड की कई कमियां सामने आयी हैं. उनमें सुधार कर नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए मेडिकल फील्ड की सभी थेरेपी द्वारा कार्य होना जरूरी है. पद्मविभूषण डॉ. रघुनाथ माशेलकर, डॉ. अंबुमनी रामदास, डॉ. मणिकुमार शर्मा व आसिया नक्काश ने भी अपने विचार व्यक्त किए.

अध्यक्षीय भाषण में प्रो. डॉ. विश्वनाथ कराड ने कहा, इन्फ्रास्ट्रक्चर व हॉस्पिटल पर होने वाला खर्च काफी अधिक होता है. इसलिए प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की इनटेक क्षमता बढ़ाना जरूरी है. डॉ. एन.टी. राव ने प्रास्ताविक भाषण दिया. प्रो. गौतम बापट ने सूत्रसंचालन एवं रवींद्रनाथ पाटिल ने आभार प्रदर्शन किया.